# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - गणित

समय - $2\frac{1}{2}$ घण्टे | कक्षा- 6 | पूर्णांक-60

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** - सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1 कितने सेंटीमीटर से एक किलोमीटर बनता है? 1

(A) 10000 cm (B) 20000 cm (C) 100000 cm (D) 2000 cm

प्र-2 किसी संख्या का पूर्ण विभाजक उसका ...................... होता है। 1

(A) गुणन खंड (B) गुणज (C) महत्तम समापवर्तक (D) लघुत्तम समापवर्त्य

प्र-3 किसी त्रिभुज का प्रत्येक कोण समान माप का हो तो वह कहलाता है - 1

(A) अधिक कोण त्रिभुज (B) समकोण त्रिभुज (C) समद्विबाहु त्रिभुज (D) समबाहु त्रिभुज

प्र-4 (-3) में से (+3) घटाने पर प्राप्त होगा- 1

(A) -3 (B) 0 (C) -6 (D) 6

प्र-5 समीकरण $3n = 21$ में $n$ का मान होगा - 1

(A) 63 (B) 21 (C) 19 (D) 7

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6-10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 केवल एक सम संख्या जो अभाज्य संख्या है। वह...................... है। 1

प्र-7 वर्ग एक ...................... है। 1

प्र-8 -2 से 3 कम वाली संख्या ...................... है। 1

प्र-9 एक चित्रालेख में यदि संकेत □ किसी डिब्बे में 5 बल्बों को निरूपित करता है तो संकेत □□□□ ...................... बल्बों को प्रदर्शित करता है। 1

प्र-10 आयत का क्षेत्रफल = ...................... x ...................... 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 ऐसी पूर्ण संख्या लिखिए जिसका किसी भी संख्या से गुणा करने पर गुणनफल शून्य प्राप्त होता है। 2

प्र-12 दो क्रमागत संख्याओं का महत्तम समापवर्तक लिखिए। 2

प्र-13 एक चौथाई घूर्णन के कोण का नाम लिखिए। 2

प्र-14 (-10) + (+19) का मान ज्ञात कीजिए। 2

प्र-15 यदि $x = 5$ है, तो $x + 20$ का मान ज्ञात कीजिए। 2

प्र-16 प्रभावी भाजक किसे कहते हैं? लिखिए। 2




P.T.O.

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 किसी संख्या की पूर्ववर्ती संख्या कैसे निकालते हैं? उदाहरण दीजिये। 3


प्र-18 नीचे दी गई आकृति में कोणों एवं भुजाओं के नाम लिखिए 3




प्र-19 घड़ी की घंटे वाली सुई कहाँ रुकेगी यदि वह 7 से प्रारंभ करें और दो ऋजु कोण घूम जाये? 3

प्र-20 गुरमीत ने 37.65 रुपए में गणित, 31.75 रुपए में हिंदी और 40.70 रुपए में अंग्रेजी की पुस्तक खरीदी। गुरमीत द्वारा खर्च किया गया कुल धन कितना होगा? 3

प्र-21 एक सह-शिक्षा माध्यमिक विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में लड़कियों की संख्या दिए गए चित्रालेख द्वारा प्रदर्शित है। इस चित्रालेख को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3




(a) किस कक्षा में लड़कियों की संख्या न्यूनतम है?

(b) क्या कक्षा VI में लड़कियों की संख्या कक्षा V की लड़कियों की संख्या से कम है?

(c) कक्षा VIII में कितनी लड़कियाँ है?

प्र-22 निम्नलिखित स्थितियों के लिए बीजीय व्यंजक लिखिए - 3

(a) y को 5 से गुणा करके परिणाम को 16 में से घटाना (b) y का -8 से गुणा

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों को हल करिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 एक चुनाव में सफल प्रत्याशी ने 577500 मत प्राप्त किये, जबकि उसके निकटतम प्रतिद्वंदी ने 3,48,700 मत प्राप्त किये। सफल प्रत्याशी ने चुनाव कितने मतों से जीता? 5

प्र-24 जयदेव स्कूल के मैदान का $\frac{11}{5}$ मिनट में चक्कर लगा लेता है। राहुल इसी कार्य को करने में $\frac{7}{4}$ मिनट का समय लेता है। इसमें से कौन कम समय लेता है और कितना कम? 5

प्र-25 एक आयताकार गत्ते का क्षेत्रफल 40 वर्ग सेंटीमीटर है तथा इसकी लंबाई 10 सेंटीमीटर है। गत्ते की चौड़ाई ज्ञात कीजिए। 5

प्र-26 एक दर्जन पेन का मूल्य ₹180 है।और 8 बॉलपेन का मूल्य ₹56 है। पेन के मूल्य का बाल पेन के मूल्य से अनुपात ज्ञात कीजिए।